BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

● द्विभाषिक समाचार पत्र

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● वर्ष : 05, अंक: 25 ● पृष्ठ: 12 मूल्य - निःशुल्क
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● पटना 25 मार्च 2024

www.bordernewsmirror.com
bordernewsmirror@gmail.com
RNI(TC) BIHBIL - 02431

**सुविचार** जो लोग दूसरों को अपनी दुआओं में, शामिल करते हैं, खुशियां सबसे पहले उनके ही दरवाज़े पर दस्तक देती हैं. आपका दिन शुभ हो







## किडनी स्टोन इलाज की समस्त सुविधाएं

# स्टोन क्लिनिक मोतिहारी

A MULTI SPECIALITY HOSPITAL



**डॉ. मनोज कुमार गुप्ता**
MBBS, MS, FMAS Ex- SR, BSA Medical College Delhi Ex- Asst. Prof. Govt. Medical College
यूरोलॉजिस्ट एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन



**डॉ. महेन्द्र सिंह**
MBBS, MS, MCH (Urology)
Ex- HOD Urology, IGIMS, Patna
सीनियर यूरोलॉजिस्ट एण्ड एण्ड्रोलाजिस्ट



**डॉ. हेमन्त कुमार**
MBBS,MD, (Psychiatry) BHU, Varanashi
मस्तिष्क, मानसिक, नशा एवं सेक्स रोग विशेषज्ञ



**डॉ. मीना**
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

## हमारी सुविधाएँ

- दूरबीन से Gall Bladder Surgery, CBD सर्जरी
- दूरबीन से बच्चेदानी ( TLH, LAVH ) की सर्जरी
- Renal Stone, Ureteric Stone की सभी सर्जरी
- पेशाब सम्बधी सभी बीमारी का इलाज
- सभी स्त्री रोग सर्जरी एवं जेनरल सर्जरी की सुविधाएँ
- एडभांस सर्जरी में विश्वसनीयता / सारी सुविधाएँ
- सिरदर्द एवं मानसिक रोगों का पूर्ण इलाज
- 24 घंटा नॉर्मल डिलिवरी / सिजेरियन की सुविधा

**Mob.- 9507919091, 07562964700, 8969970077**

**शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में**

● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDERNEWSMIRROR BNM to the point...



02 लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास

04 जिलाधिकारी ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान व बाल गृह का किया निरीक्षण





# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, सोमवार, 25 मार्च 2024 www.bordernewsmirror.com ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 25



Lakshya Raj Public School

LAKSHYA RAJ KIDZEE

Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441


## केजरीवाल का ईडी की हिरासत से पहला निर्देश, सीवर और पानी की समस्याओं का हो समाधान



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय( ईडी ) की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है जिसमें उन्होंने जल मंत्री आतिशी को राष्ट्रीय राजधानी में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

श्री केजरीवाल द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गये आदेश की प्रति सुश्री आतिशी ने आज यहाँ साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में कहा," "मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएँ हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूँ। चूँकि मैं जेल में हूँ, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही है। जहां भी पानी की कमी है, वहाँ उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए। मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना का भी सहयोग लें। वह आपकी ज़रूर मदद करेंगे।"

सुश्री आतिशी ने कहा,"कल जब मुख्यमंत्री की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे, जनता के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ़ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है।"

# घोटाला करने वाला, अब जेल से सरकार चलाना चाहता है: भाजपा

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बोला केजरीवाल पर हमला

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आबकारी नीति में घोटाला जैसा शर्मनाक काम करके जेल गया व्यक्ति जेल से सरकार चलाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि श्री केजरीवाल में नैतिकता नाम की चीज नहीं है। वह पहले एनजीओ बना कर फिर राजनीति में केवल जेबें भरने आए थे। उन्होंने एक भ्रष्ट सरकार चलायी है और यही कारण है उनके तमाम मंत्री, सांसद और यहां तक की वह स्वयं जेल में हैं।

श्री केजरीवाल दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित तौर पर गड़बड़ी में धन के लेन देन के आरोप में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। रविवार को उनके सहयोगियों की ओर से उनका एक कथित पत्र जारी किया गया जिसमें उन्होंने दिल्ली में पानी और सीवर की व्यवस्था में सुधार के लिए काम करने को कहा है ।

श्री ठाकुर ने कहा, कि 'आप' प्रमुख पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात करते थे, नैतिकता की बात करते थे पर अनैतिक कार्य में लग गए। उनमें नैतिकता दूर दूर तक नहीं है। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में घोटाला जैसे शर्मनाक काम कर के जेल गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि देश की जनता, उनका असली चेहरा, उनकी भ्रष्ट सोच पहचान चुकी है। वह केवल पैसा कमाने, जेब भरने राजनीति में आए थे। जब एनजीओ बनाकर जेबें भरने से दिल नहीं भरा तो, सरकार में आकर भ्रष्टाचार में लग गए। श्री ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में एक के बाद एक उनकी सरकार के कई मंत्री, सांसद, उप मुख्यमंत्री और खुद मुख्यमंत्री जेल में हैं।



वह पहले एनजीओ बना कर फिर राजनीति में केवल जेबें भरने आए थे। उन्होंने एक भ्रष्ट सरकार चलायी है और यही कारण है उनके तमाम मंत्री, सांसद और यहां तक की वह स्वयं जेल में हैं।


## कांग्रेस ने जारी की 46 उम्मीदवारों की सूची

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए आज चौथी सूची जारी कर दी जिसमें 12 राज्यों के लिए कुल 46 उम्मीदवारों के नाम शामिल है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने जिन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है उनके नाम चौथी सूची में शामिल किए गए हैं। पार्टी ने जिन राज्यों के लिए लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं उनमें असम अंडमान छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश महाराष्ट्र मणिपुर मिजोरम राजस्थान तमिलनाडु उत्तर प्रदेश उत्तराखंड तथा पश्चिम बंगाल शामिल है।

कांग्रेस ने उधमपुर से हाल ही में पार्टी में शामिल हुए चौधरी लाल सिंह को टिकट दिया है जब के मध्य प्रदेश के राजगढ़ से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, रतलाम से कांतिलाल भूरिया, तमिलनाडु के कुरुर से एस ज्योति मणि, शिव गंगा से ए कार्तिक पी चिदंबरम, सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, देवरिया से अखिलेश प्रसाद सिंह, हरिद्वार से वीरेंद्र रावत तथा वाराणसी से अजय राय को मैदान में उतारा है।

# राजनाथ ने लेह में सैनिकों के साथ मनायी होली

बीएनएम@नयी दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया।

थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी इस मौके पर उनके साथ थे।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए दुर्गम इलाकों और प्रतिकूल मौसम में मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात सैनिकों की सकारात्मक प्रतिबद्धता शून्य से भी कम तापमान से भी ज्यादा मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जैसे दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है उसी तरह लद्दाख भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।

श्री सिंह ने कहा, "पूरा देश सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। हम प्रगति कर रहे हैं और खुशहाल जीवन जी रहे हैं क्योंकि हमारे सतर्क सैनिक सीमाओं पर तैयार खड़े हैं। प्रत्येक नागरिक को सशस्त्र बलों पर गर्व है क्योंकि वे अपने परिवारों से बहुत दूर रहते हैं ताकि हम होली और अन्य त्योहार अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्वक मना सकें। राष्ट्र सदैव हमारे सैनिकों का ऋणी रहेगा और उनका साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ही सैनिकों के साथ होली मनाने का फैसला किया, क्योंकि उनका मानना है कि त्योहारों को सबसे पहले देश के रक्षकों के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से एक दिन पहले सैनिकों के साथ त्योहार मनाने की नई परंपरा शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा," कारगिल की बर्फीली चोटियों पर, राजस्थान के तपते मैदानों में और गहरे समुद्र में स्थित पनडुब्बियों में सैनिकों के साथ इस तरह का जश्न हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग बनना चाहिए।"

इस अवसर पर श्री सिंह ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में लेह के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास




मधुबनी। जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश में रविवार को सन्निकट लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश पर जिला में मतदान के प्रति जागरूक करने का निरंतर उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार किया जा रहा है।मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीएम मैथिली भाषा में स्लोगन बनवाकर प्रचार-प्रसार करवा रहे हैं। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि मतदान फीसदी बढ़ाने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम एवं नुक्कड़ सभा जारी है। जिला में रविवार को जीविका ग्राम संगठन द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता रैली,शपथ, मेहंदी प्रतियोगिता,घर-घर दस्तक आदि कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया गया।मौके पर आमजनों की काफी भीड़ जुट रही है।

## मुख्यमंत्री ने होली की शुभकामनाएं दीं

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश में कहा कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों की जिन्दगी में खुशियों का नया रंग लेकर आयेगा। नीतीश ने कहा कि यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिना किसी भेदभाव के लोग एक दूसरे के प्रति प्रेम-सद्भाव का व्यवहार रखते हैं।

## दरभंगा के डीएमसीएच की व्यवस्था भगवान भरोसे मोबाइल की रोशनी में इलाज करते दिखे चिकित्सक

दरभंगा। डीएमसीएच की चिकित्सा व्यवस्था बुधवार को तीन घंटे मोबाइल की रोशनी के सहारे संचालित हुई। दिनभर बूंदाबांदी हो रही थी। डीएमसीएच के एमसीएच गायनिक,आर्थो ,सर्जरी वार्ड,मेडीसिन वार्ड में साढे तीन से शाम साढे छह बजे तक बिजली गुल रही। जिससे पूरे अस्पताल परिसर में तीन घंटे तक अंधेरा छाया रहा। इस दौरान अस्पताल के नए एमसीएच भवन में दो प्रसूता को मोबाइल की रोशनी में ही चिकित्सक ने सिजेरियन किया। तीन की मोबाइल की रोशनी में लेबर रूम में नार्मल डिलीवरी हुई।

स्वजन कह रहे थे कि अस्पताल की व्यवस्था भगवान के ही भरोसे है। एक दर्जन से अधिक मरीज नार्मल ओर सिजेरियन डिलीवरी के लिए बिजली आने की प्रतीक्षा में थे। अस्पताल के आब्जर्बेशन रूम में मरीजों की ओपीडी मोबाइल की रोशनी में हुई। चिकित्सकों को ओपीडी में जांच एवं दवा लिखने में भी एक की जगह तीन लोगों ने मदद की। बच्चे की बुखार जांच के लिए थर्मामीटर के टेम्परेचर को देखने के लिए अलग से एक महिला मोबाइल के टार्च जलाकर प्रसूता की मदद करती दिखी। बता दें एमसीएच भवन में जच्चा ओर बच्चा दोनों का इलाज शुरू हुआ है लेकिन अभी तक इस अस्पताल में जेनरेटर की सुविधा नहीं है और ना ही तत्काल अलग से बिजली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इधर गायनिक वार्ड,सर्जरी भवन के तीसरे फ्लोर पर चल रहे आर्थो और सर्जरी वार्ड में भी बिजली का लाइन कट जाने से मरीज मोबाइल की रोशनी में इलाज करवाने को मजबूर दिखे।

ओपीडी का पुर्जा मैनुअल दिया गया। मधुबनी के फुलपरास के बैका गांव की मरीज सुनीता देवी के स्वजन अकलेश्वरी देवी ने कहा कि आपरेशन में गर्भवती को ले जाया गया, उसी समय लाइन कट गया। शुक्र है कि डाक्टर ने उनका आपरेशन कर डिलीवरी कराया। नाका छह की मरीज काजल कुमारी के स्वजन ने कहा कि पुर्जा हाथ से लिखकर दिया है किधर जाए चारों तरफ अंधेरा ही है।

# जदयू ने 16 उम्मीदवारों के नाम जारी किए

बीएनएम@पटना

### तीन प्रत्याशी पहली बार लोकसभा के चुनावी दंगल में

पटना। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के टिकट पर तीन प्रत्याशी पहली बार आगामी लोकसभा के चुनावी दंगल में अपनी किस्मत आजमायेंगे। जदयू ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने 16 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी है। जदयू ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जीते अपने 12 उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, जबकि सीतामढ़ी, सीवान और किशनगंज में पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है। जदयू के खाते वाली काराकाट सीट इस बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है । इसके बदले में भाजपा की जीती हुई सीट शिवहर जदयू को दी गई है। जदयू ने शिवहर से लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है।

बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) लोकसभा चुनाव के लिए अपने 16 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी है।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हस्ताक्षर से रविवार को जारी सूची में पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीते अपने 12 उम्मीदवारों पर एक बार फिर भरोसा जताया है, लेकिन सीतामढ़ी, सीवान और किशनगंज में पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया है। वहीं, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल में गया (सु) सीट इस बार हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को दे दी गई है । इसी तरह जदयू खाते वाली काराकाट सीट इस बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के हिस्से में गई है । इसके बदले में भाजपा की जीती हुई सीट शिवहर जदयू को दी गई है।

पार्टी ने मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामत, वाल्मिकीनगर से सुनील कुमार, किशनगंज से मुजाहिद आलम, कटिहार से दुलाल चंद गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुमार, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव, गोपालगंज से आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजया लक्ष्मी देवी, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, बांका से गिरिधारी यादव, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद और शिवहर से लवली आनंद को उम्मीदवार बनाया है।

गौरतलब है कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जदयू 16, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) 5 रिपीट 5 , उपेंद्र कुशवाहा और जीतनराम मांझी की पार्टी एक-एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी ।

**उत्साह** पढ़ लिखकर राजनीति में आने वाले समाज में अच्छे तरीके से अपनी जिम्मेवारी को निभा सकते हैं

# होली मिलन समारोह में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने स्वजातीय को दी सीख, जिम्मेदारी का पढ़ाया पाठ

बीएनएम@अररिया



फारबिसगंज में कलवार जागृति मंच की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मंत्री डा फदिलीप कुमार जायसवाल ने शिरकत की।होली मिलन समारोह के बहाने मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने सियासत के साथ जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार में उन्हें भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग की बड़ी जिम्मेदारी मिली है और उनसे पहले जो भी इस विभाग के मंत्री बने हैं,उन पर अंगुली उठी है।लेकिन वे ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे।उन्होंने कहा कि पैसे की लालसा उनको नहीं है और भगवान का दिया सब कुछ उनके पास है।

उन्होंने कहा कि वे एक मेडिकल कॉलेज के निदेशक,एक यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के साथ सामाजिक कार्यों का शुरू से ही निर्वहन करते आए हैं।यही कारण है कि रिकार्ड मतों से उनकी जीत होती आई है।18 सालों से लगातार विधान पार्षद के रूप में अररिया किशनगंज और पूर्णिया की सेवा करते आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि पढ़ लिखकर यदि राजनीति में आते हैं तो समाज में अच्छे तरीके से अपनी जिम्मेवारी को निभा सकते हैं।वही एक एडीएम रैंक के अधिकारी के पीए बनने को लेकर अधिकारी को एक जहर का पुड़िया साथ में रखने की नसीहत दी।उन्होंने अपने को कलवार जाति में पैदा होने पर फक्र महसूस करने की बात करते हुए कहा कि समाज की ओर से भवन धर्मशाला निर्माण का जो बीड़ा उठाया गया है।उसमे सामर्थ्य के अनुसार सभी लोग दान करे।जिससे सबों को अपनी हिस्सेदारी का अहसास हो।

कार्यक्रम में मंच के आशीष भगत, प्रकाश चौधरी, अनूप जायसवाल, बबलू जायसवाल, विनोद जायसवाल, रामकुमार भगत, मनोज कुमार, राकेश रोशन सहित बड़ी संख्या में कलवार जाति के लोग मौजूद थे।मौजूद लोगों के एक दूसरे के गालों में गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## लोकसभा चुनाव में राजग ने की दो निवर्तमान महिला सासंद की उपेक्षा

पटना। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने आगामी लोकसभा चुनाव में तीन निवर्तमान महिला सांसदों में से दो को उनके संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं दिया है। लोकसभा चुनाव (2019) में राजग के महत्वपूर्ण घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केवल एक सीट शिवहर से रमा देवी को उम्मीदवार बनाया। राजग के एक अन्य घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केवल एक महिला प्रत्याशी सीवान संसदीय सीट से बाहुबली अजय सिंह की पत्नी कविता सिंह और राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा )ने भी केवल एक महिला वैशाली से वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया था। राजग की ओर से तीनों महिला उम्मीदवार ने जीत हासिल की।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

## अपराध की योजना में जुटे दो अपराधी हथियार समेत गिरफ्तार



**मोतिहारी।** रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में रक्सौल थाना पुलिस ने अपराध की योजना में जुटे दो अपराधियों को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। रक्सौल डीएसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों को शहर के बाटा चौक के समीप से गिरफ्तार किया गया है। ए अपराधियों की पहचान रामगढवा के रॉकी राज एवं शिवम कुमार के रूप में हुई है। रॉकी के पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस और शिवम कुमार के पास से एक लोडेड देशी रिवाल्बर बरामद किया गया, जिसके मैगजीन से दो जिंदा कारतूस मिला है। इस संदर्भ में रक्सौल थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## मोतिहारी पुलिस ने होली के पूर्व 99 डीजे एवं लाखों रुपये का शराब किया जब्त

मोतिहारी। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जिला पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर होली के पूर्व हुडदंगियों पर नकेल कस दिया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में कारवाई करते हुए पुलिस ने 99 डीजे को जब्त किया है। इसके साथ ही देशी व विदेशी कुल 3900 लीटर शराब बरामद करते हुए 103 लोगो को गिरफ्तार किया है।साथ ही अन्य शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस के इस अभियान से शराब तस्करों और हुड़दंगियों के बीच दहशत व्याप्त है।पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर होली के अवसर पर मतदाताओं के बीच पैसा बांटने वाले पर भी सख्त निगाह रख रही है।



एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला के अलग अलग थाना में 99 डीजे को जब्त किया गया है। वहीं पुलिस ने देशी चुलाई 3428 व विदेशी 493.5 लीटर शराब को जब्त किया है।पुलिस ने छापेमारी के दौरान 16000 लीटर अर्धनिर्मित शराब को विनष्ट कर 103 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी श्री मिश्र ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 43 बाइक,05 कार, एक टेम्पू,एक जीप को भी जप्त किया है।इसके साथ पुलिस लगातार फ्लैगमार्च व सघन वाहन जांच कर संदिग्धो के धर-पकड़ में जुटी है।

समाचार भेजें
किसी भी प्रकार का समाचार, विचार एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें–
9471060219
ई-मेल भेजें
bordernewsmirror
@gmail.com




## अरेराज थाना में आधा दर्जन डीजे जप्त

अरेराज। थाना क्षेत्र में विभिन्न जगह पर गहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें आधा दर्जन से अधिक डीजे को जप्त किया गया। वहीं रविवार के दिन अरेराज थाना अध्यक्ष विभा कुमारी के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर फलैग मार्च निकालकर जप्त किया गया। वही अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार ने बताए की आदर्श आचार संहिता और होली और रमजान पर्व में विधि व्यवस्था आदि को लेकर उक्त कार्रवाई की गई है। वहीं अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अभियान चलाकर डीजे संचालकों और बजाने वालों को विरोध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और साथ साथ शराब कारोबारी के ऊपर शिकंजा कसा जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से अपील करते हुए कहा गया की धारा एक सौ चौवालीस पालन करे और होली पर्व में डीजे बजाने से बचे और आपस में मिलजुल कर गुलाल लगाकर अपना पर्व को शांतिपूर्ण मनाए। इसी कार्रवाई से क्षेत्र में डीजे संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दे की समय-समय पर थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं में डीजे बजाने पर शक्ति से मनाही की जा रही है फिर भी लोग मान नहीं रहे हैं इसके बाद कार्रवाई की जा रही है। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार गुप्ता सी मोनालिसा कुमारी पीएसआई रमरेंद्र कुमार एवं दर्जन महिला पुरुष पुलिस बल मौजूद थे।



### चोरी के तार एवं एंगल के साथ दो अपराधी गिफ्तार

मोतिहारी। आसन्न लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को लेकर किये जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान चकिया और पीपरा थाना पुलिस ने एन.एच.-27, चाप चौक पर एक पिकअप से चोरी के 7 क्विंटल 35 किलोग्राम बिजली तार एवं 1 क्विंटल 85 किलेग्राम एगंल को बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गये लोगों में मुफसिल थाना क्षेत्र के चंद्रहिया निवासी राजू सहनी व विकास कुमार है इस संदर्भ में पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े पीकप चालक और उप चालक को मारी गोली, दहशत

बगहा। राष्ट्रीय पथ 727 बगहा - बेतिया मुख्य मार्ग के परसौनी चौक स्थित हमीरा माई स्थान के समीप बेखौफ अपराधियों ने रविवार को लगभग 11 बजे दिनदहाड़े पीकप चालक एवं उप चालक को गोली मार दी है। जख्मी हालात में चालक पीकप को लेकर परसौनी चौक पर आया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी चौतरवा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलतें ही पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने जख्मियों को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल बेतिया भेजा।

जानकारी हो कि चौतरवा थाना क्षेत्र के हमीरा माई स्थान के समीप अज्ञात अपराधियों ने पिकअप से आ रहें तीन लोग पर फायरिंग कर दी। घटना में पीकअप वैन के चालक समेत दो लोग जख्मी हो गयें। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति को सिर में गोली लगी है तथा दूसरे की हाथ में गोली लगी है, जिसमें एक जख्मी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

स्थानीय लोगों की माने तो दिन में करीब 11 बजे पीकअप आकर परसौनी चौक पर रुकी तो पीकप से लहुलुहान होकर तीन व्यक्ति बाहर निकला। जख्मियों ने बताया कि स्थान के समीप कुछ दूरी पर अपराधियों ने उन्हें गोली मारी है। जख्मी सभी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के निवासी है। जख्मियों में एक का नाम राजकुमार उम्र करीब 36 वर्ष और दुसरे का नाम यासिर अहमद बताया गया। पीकअप यासिर चला रहा था उसके हाथ में गोली लगी है तथा राजकुमार के सिर में गोली लगी थी, उसकी हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। चौतरवा पुलिस ने जख्मियों को जीएमसीएच बेतिया भेजा। जख्मी चालक की माने तो उसके साथ लूटपाट हुई है।

उन्होंने बताया कि वे लोग उत्तर प्रदेश से मुर्गी लेकर बिहार में बेचते हैं। रुपये लेकर वापस यूपी जा रहे थे जहां बेखौफ अपराधियों ने घटना का अंजाम देकर फरार हो गया।

## पूर्व विधायक स्व. यमुना यादव की मनाई गई पुण्य तिथि

मोतिहारी। कोटवा प्रखंड अंतर्गत जमुनिया में रविवार को पूर्व विधायक स्व. यमुना यादव की पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने उनके प्रतिमा पर फूल - माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लोगों द्वारा यमुना यादव के समाज के प्रति किए गए योगदान को याद किया गया। मौके पर उनके पुत्र कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा पूरे परिवार के साथ उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. यमुना यादव जात- पात से ऊपर उठकर राजनीति करते थें। उनमें समाज के सभी वर्गों को लेकर चलने की कला थी। उनके द्वारा जात पात के बंधन को मिटा दिया गया था। समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलते थे। वे किसी से भेद भाव नहीं करते है जिसके चलते उन पर सभी लोगों का समान रूप से विश्वास था। वक्ताओं द्वारा उनके साथ बिताए गए सुखद समय का जिक्र किया गया। उन्हें गरीबों के मसीहा के रूप में उनसे जुड़े स्मरण सुनाए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रत्याशी सुरेश सहनी ने किया। कार्यक्रम को पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजेंद्र राय, अरुण कुशवाहा, मुरारी यादव, सहदेव पासवान, सकलदीप सिंह, लखींद्र यादव सहित कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। वही कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री कृष्णनंदन पासवान, पूर्व मंत्री शमीम अहमद, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी,मेयर प्रीति गुप्ता,विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने भी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मुखिया लड्डू साह, मुखिया पप्पू यादव, सरोज यादव, सरपंच रविन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, म. कलीमुल्लाह, जमालुद्दीन, राकेश श्रीवास्तव, नवल दूबे, सुरेश यादव, सत्येंद्र मिश्रा, मुन्ना तिवारी, विजय यादव, लखींद्र यादव, पूर्व प्रमुख अवधेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उमाकांत सिंह सहित दर्जनों सैकड़ों लोग उपस्थित थे।






# जिलाधिकारी ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान व बाल गृह का किया निरीक्षण



बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने 23 मार्च की संध्या विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बाल गृह निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परामर्श कक्ष, स्मार्ट क्लास, रसोई घर आदि का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से पूछताछ कर व्यवस्था आदि की जानकारी ली। बच्चों द्वारा बताया गया कि उनका अच्छे तरह से ख्याल रखा जा रहा है। उन्हें कोई परेशानी नहीं है। इसके साथ ही विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के विभिन्न कक्षों का भी जिलाधिकारी द्वारा जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह के बच्चों की समुचित देखभाल अत्यंत ही आवश्यक है। अपने बच्चों की तरह यहां के बच्चों की भी देखभाल करें। उनकी संवेदनाओं को समझें। उन्हें किसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा, इसका विशेष ख्याल रखें।

उन्होंने निर्देश दिया कि समय-समय पर खाने-पीने, पठन-पाठन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की सुदृढ़ व्यवस्था रहनी चाहिए। साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था को निरन्तर मेंटेन किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हर हाल में किया जाय।

इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी ब्रजभूषण कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपसी प्रेम-सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने की सोच के साथ मनाएं होली का त्योहार : गरिमा

**नगर निगम कार्यालय परिसर में संपन्न होली मिलन समारोह में शामिल नगर पार्षद, पदाधिकारी और कर्मियों को महापौर ने दिया संदेश**

**पकवानों के सहभोज के बाद एक दूसरे के माथे पर गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को दी होली की शुभकामना**



बेतिया। बेतिया नगर निगम कार्यालय परिसर में शनिवार की शाम रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पार्षद, निगम के अधिकारी और कर्मचारी गण के साथ दर्जनों मीडियाकर्मी भी शामिल रहे। इस मौके पर आयोजित पकवान के सहभोज में सैकड़ों लोग सहभागी रहे। नगर पार्षद, पदाधिकारी और निगम कर्मियों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इस मौके पर आपने संदेश में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि समस्त भारतवर्ष में हर साल मनाए जाने वाले रंग और उमंग के बीच होली मानने की परंपरा है। हर साल हजारों विदेशी पर्यटक में हमारे इस पावन पर्व का आनंद लेने के लिए देश में मथुरा, वृंदावन और बरसाने आदि स्थानों पर आते हैं। श्रीमती सिकारिया ने होली के मौके पर अपने विशेष संदेश में कहा कि हम सबको होली मानने के दौरान आपसी प्रेम-सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने की सोच हर दम कायम रखनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपस में खुशियां बांटना इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है। होली मिलन समारोह में दर्जनों नगर पार्षद गण के साथ नगर आयुक्त शंभू कुमार, सिटी मैनेजर अरविंद कुमार आदि की सहभागिता रही।










गरीबों/ दलितों को मदद करने वाले का समर्थन, उनकी हत्या करने/ करवाने वाले का नही।
युवाओं को रोजगार देने वाले का समर्थन, उनको अपराधी बनाने वाला का नहीं।
किसानों को उनके हक दिलाने वाले का समर्थन, उनका हक मारने वाले का नहीं।
महिलाओं को सम्मान देने वाले का समर्थन, उनपर अत्याचार करने वालो का नहीं।
शिवहर/ सीतामढ़ी का विकास करने वाले का समर्थन, उसको लूटने वाले का नहीं।
निशान के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले का समर्थन, निशान को रौंदने वाले का नहीं।
समस्त शिवहर एवं सीतामढ़ी लोकसभा वासियों के साथ साथ बिहार के परिवारजनों को रंगों के
महापर्व
होली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
कार्यकर्ताओं के सुख : दुख: का साथी।
बिहार राज्य के विकास के लिए कृत संकल्पित
आपका
शिवहर एवं सीतामढ़ी का लाल
आशुतोष शंकर सिंह


Affiliation No. 330611
Lakshya Raj Public School
LAKSHYA RAJ
PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi
(A unit of Lakshya Raj Educational and Charitable Trust)
(From I to Std. XII, (10+2)
English Medium CBSE Curriculum
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION
In Grades III- IX & XI
Our Benefits :
Small Class Sizes
Big Room Sizes
Loving Atmosphere
Best Education Plans
Beautiful Background
Wide Study Rooms
LAKSHYA RAJ
KIDZEE
FREE
ADMISSION
OPEN
FOR
2024-25
Mob.- 9128562441
Venue: Mission Chowk, Pataura
Infornt of Durga Mandir, Motihari


हरसिद्धि का नं०-1 कम्प्यूटर संस्थान
SAKSHI COMPUTER INSTITUTE
SCI
HARSIDHI
SAKSHI COMPURTER INSTITUTE
स्थान- यादोपुर रोड, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण
Mob.- 9470050309, 9931408109


चन्द्रा लाईफ लाईन हॉस्पीटल प्रा. लि.
ISO 9001:2015
डा. चन्द्र सुभाष
M.B.B.S. DMCH (Darbhanga)
M.S., D-Ortho, Ph.D. (Ortho-R)
F.C.G.P. (Chennai), D.N.B.1 (New Delhi)
Reg. No.- 34216 (Bihar)
हड्डी, जोड़ नस एवं गठिया रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
यहाँ दुरबीन (Arthroscopy) के द्वारा घुटना एवं कंधा का ऑपरेशन किया जाता है।
यहाँ हड्डी के सभी तरह का ऑपरेशन कम्प्यूटर (C-ARM) की सहायाता से किया जाता है।
15-20 वर्षो से पुराना गठिया जिसका ईलाज कराकर थक गये है उसका विशेष ईलाज
पहले से नाकाम एवं गलत ईलाज, हड्डी का कैंसर-टीबी तथा जन्मजात टेढ़ा पैर एवं हाथ का सफल ईलाज एवं ऑपरेशन
24/7 Emergency Services
डा. हेना चन्द्रा
M.B.B.S. DMCH (Darbhanga)
P.G. Diploma (MCH) Jaipur
P.G. Diploma (sonology)
Gold Medalist
Reg. No.- 40386 (Bihar)
स्त्री, बाँझपन एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
यहाँ यथा संभव नार्मल डिलीवरी कराने का प्रयास होता है।
शादी के 10-15 साल बाद भी संतान सुख से वंचीत दंपती यहाँ पर इलाज कारकर संतान सुख ले रहे है।
1. Ultrasonography, 2. Mammography, 3. X-ray, 4. Pathology Lab, 5. ECG, 6. Ambulance, 7. ICU
स्थान- चरखा पार्क के पश्चिम वाली रोड में जिला परिषद के सामनें, स्टेशन रोड, बेलबनवा, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण
नोटः- हमारे यहाँ लगभग सभी हेल्थ इंश्योरेंस का कैशलेश ईलाज किया जाता है।
Mob.- 9471418204, 9471418205, 9471418206, 9471418109
आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।


MADAN RAJ
NURSING HOME
NURSING HOME
★ Dr. C.B. Singh
MBBS
★ Dr. Khushboo Kumari
MBBS,MD
(Obstetrics & Gynecology )
★ Dr. Vibhu Prashar
MBBS, MD
(Critical Care & Anthropology)
24-Hour Emergency Service
SERVICE AVAILABLE
General & Laparoscopic Surgeon
Orthopedic & Trauma Surgeon
All Type & Cbs & Gynee Services
24x7 Smart Advanced ICU Services
Daily Cancer Clinic
HOSPITAL ROAD
MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890,
6200480505, 9113274254


M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
AWAKE ARISE ACHIEVE
M.S.M.P.S.
BALGANGA, MOTIHARI
M.S. MEMRORIAL
PUCLIC SCHOOL
(Day Cum Residential)
Registration & Admission Open
by Session 2024-2025
TRANSPORT
FACILITY
AVAILABLE
Contact No.- 9939042109
9431203674
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
हेल्थ हॉस्पिटल
पचपकड़ी माई स्थान के निकट
पचपकड़ी, पूर्वी चंपारण
डॉ. विजय कुमार
जनरल फिजिशियन एंड लेप्रोस्कोपी सर्जन


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री सेवा सदन
माई स्थान के निकट पचपकड़ी,
पूर्वी चंपारण
डॉ. प्रमोद कु. सिन्हा
जेनरल फिजिशियन एण्ड सर्जन


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
अवनीश कु. सिंह
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट, मोतिहारी
Mob.- 8804428910


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
रीमा कुमारी
प्रधानाध्यापिका
रा.म.विद्यालय पताही पू. च.


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
सुरेन्द्र सिंह
संवेदक
चांदमारी, मोतिहारी


आप सभी को
होली की हार्दिक
शुभकामनाएं
पदमाक्ष रंजन
उर्फ शास्त्री जी
पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र संख्या. 17
ग्राम पंचायत राज जिहुली पताही पूर्वी चंपारण



# सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है होली

भारतीय संस्कृति में होली के पर्व का अद्वितीय स्थान है। यह पर्व उमंग, उल्लास, उत्साह और मस्ती का पर्व है। होली का पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला पर्व है। होली का पर्व जलवायु परिवर्तन का भी संकेत देता है। होली का पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला पर्व है। वर्तमान में यह पर्व दो दिन तक मनाया जाता है। पर्व का प्रारम्भ होलिकादहन से होता है। अगले दिन जनमानस अबीर, गुलाल और गीले रंगों के साथ तथा पर्यावरण प्रेमी टेसू के फूलों के रंग के साथ होली खेलने का आनंद लेते हैं। कहीं-कहीं यह पर्व आज भी अपनी प्राचीन परम्परा के अनुरूप रंगभरी एकादशी से प्रारंभ होकर सप्ताह भर तक मनाया जाता है। होली के पर्व को धुरंडी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन भी कहा जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे के साथ प्रेम के रस में सराबोर हो जाते हैं। होली के पर्व को 'वसंतोत्सव' या 'कामोत्सव' भी कहा गया है।

भक्त प्रहलाद की श्री हरि विष्णु के चरणों में अनन्य भक्ति इस उत्सव की आध्यात्मिक प्राण रेखा है। संस्कृत साहित्य में होली के विभिन्न रूपों का वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत महापुराण में रसों के समूह रास का वर्णन मिलता है। होली पर्व का वर्णन किस साहित्य में मिलता है उसमें जैमिनी के पूर्व मीमांसा सूत्र और कथा ग्राह सूर्य उल्लेखनीय हैं। नारद और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। हर्ष की प्रियदर्शिका व रत्नालीला तथा कालिदास की कुमारसंभवम् तथा मालविकाग्निमित्रम् में होली का वर्णन मिलता है। भारवि, माघ और कई अन्य संस्कृत के कवियों ने वसंत और होली की खूब चर्चा की हैं। चंदबरदाई के पृथ्वीराज रासो में होली का वर्णन मिलता है। आदिकालीन कवि विद्यापति से लेकर सूर, रहीम, रसखान, जायसी, मीरा, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव आदि कवियों का प्रिय विषय होली रहा है। महाकवि सूरदास ने होली पर 78 पद लिखे हैं। अवध में रघुवर और सिया, ब्रज में कृष्ण और राधिका होली के नायक नायिका हैं।

इसके अतिरिक्त प्राचीन चित्रों भित्तिचित्रों, मंदिरों की दीवारों पर होली उत्सव के चित्र देखने को मिलते हैं। विजयनगर की राजधानी हंपी के 16वी शताब्दी के एक चित्रफलक में दंपति के होली मनाने का चित्र अंकित किया गया है। इस चित्र में राजकुमार और राजकुमारी को दासियों सहित रंग और पिचकारी के साथ होली खेलते दिखाया गया है। 16वीं शताब्दी में अहमदनगर की एक चित्र आकृति का विषय वसंत रागिनी भी है। इस चित्र में राज परिवार के एक दंपत्ति को बगीचे में झूला झूलते दिखाया गया है। साथ ही अन्य सेवक-सेविकाएं रास रंग में व्यस्त हैं। वे एक-दूसरे पर पिचकारियों से रंग भी डाल रही हैं। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों और आकृतियों में होली के रंग देखने को मिल जाते हैं। उदाहरण के रूप में 17 वीं शताब्दी में मेवाड़ की एक कलाकृति में महाराणा को अपनी रानियों के साथ चित्रित किया गया है। एक अन्य चित्र में राजा को हाथी दांत के सिंहासन पर बैठा दिखाया गया है जिसके गाल पर महिलाएं रंग मल रही हैं।



होली का पर्व पूरे भारत में, हर प्रांत में अलग-अलग प्रकार से मनाया जाता है। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बिंदु ब्रज की होली है। जिसमें बरसाने की लट्ठमार होली सर्वाधिक प्रसिद्ध है। मथुरा-वृंदावन में होली का पर्व 15 दिनों तक मनाया जाता है। कुमाऊं में गीतों की होली में संगोष्ठियों का आयोजन होता है जिसे बैठकी होली कहते हैं इससे मिलती जुलती परंपरा झारखंड में भी देखने को मिलती है। हरियाणा के धुलेंडी क्षेत्र में भाभी द्वारा देवर को उठाने की प्रथा है। बंगाल में चैतन्य महाप्रभु की जयंती धूमधाम से मनाया जाती है। महाराष्ट्र में होली का पर्व रंग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में होली का पर्व होला मोहल्ला के रूप में मनाया जाता है। तमिलनाडु में यह पर्व कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोत्सव है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ की होरी में लोकगीतों की अदभुत परम्परा है। मालवा के अंचलों में यह पर्व भगोरिया नाम से बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

होली के दिन सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को ही मिलता है। इस पर्व के साथ खान पान और पकवान की भी कई परम्पराएं जुड़ी हैं जिनमे सबसे लोकप्रिय परम्परा गुझिया बनाने की है। गुझिया केवल होली के पर्व पर ही बनने वाला पकवान है। इसके अतिरिक्त घरों में विशेष परम्परागत भोजन बनाने की परम्परा है। यह भोजन और पकवान भी एक अलग प्रकार से समाज में मिठास घोलता है व मानव जीवन में एक नया उत्साह और उमंग तथा जोश भरता है। होली और होलाष्टक के दिनों में केवल होली की बातें की जाती हैं तथा इस दौरान समाज में अन्य प्रकार के प्रचलित धार्मिक और मांगलिक कामों का वार्तालाप बंद रहता है।

# होलिका दहन का समय, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

## -होलिका दहन कैसे करते हैं जानिए पूजा विधि



फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है और दूसरे दिन होली का त्योहार मनाया जाता है। इस बार 24 मार्च को होलिका दहन होगा और 25 मार्च को रंगोवाली होली मनाई जाएगी। आओ जानते हैं कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त क्या है और कैसे करते हैं होली की पूजा।

### होलिका दहन शुभ मुहूर्त

पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ- 24 मार्च 2024 को सुबह 09ः54 बजे से।
पूर्णिमा तिथि समाप्त- 25 मार्च 2024 को दोपहर 12ः29 बजे तक।
चूंकि होलिका दहन रात में होता है इसलिए 24 की रात को दहन और 25 को धुलण्डी यानी होली रहेगी।
**होलिका दहन शुभ मुहूर्त- 24 मार्च रात्रि 11ः13 से 12ः27 के बीच**

**डांडे की पूजा** : भारत में कई जगह तो फाल्गुन मास प्रारंभ होते ही होली का डांडा रोपड़ कर होली उत्सव का प्रारंभ हो जाता है तो कई जगहों पर होलाष्टक पर डांडा रोपणकर इस उत्सव की शुरुआत की जाता ही। होली का डंडा एक प्रकार का पौधा होता है, जिसे सेम का पौधा कहते हैं। होलिका दहन के पूर्व 2 डांडे रोपण किए जाते हैं। जिनमें से एक डांडा होलिका का प्रतीक तो दूसरा डांडा प्रहलाद का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों डांडे की विधिवत पूजा की जाती है। इसके बाद इन डंडों को गंगाजल से शुद्ध करके के बाद इन डांडों के ईर्द-गिर्द गोबर के उपले, लकड़ियां, घास और जलाने वाली अन्य चीजें इकट्ठा की जाती है और इन्हें धीरे-धीरे बड़ा किया जाता है और अंत में होलिका दहन वाले दिन इसे जला दिया जाता है। होलिका दहन के पहले होली के डांडा को निकाल लिया जाता है। उसकी जगह लकड़ी का डांडा लगाया जाता है। फिर विधिवत रूप से होली की पूजा की जाती है और अंत में उसे जला दिया जाता है। होलिका में भरभोलिए जलाने की भी परंपरा है।

### होलिका दहन की पूरी पूजा विधि

1. सबसे पहले होलिका पूजन के लिए पूर्व या उत्तर की ओर अपना मुख करके बैठें।
2. अब अपने आस-पास पानी की बूंदें छिड़कें।
3. गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमाएं बनाएं।
4. थाली में रोली, कच्चा सूत, चावल, फूल, साबुत हल्दी, बताशे, फल और एक कलश पानी रखें।
5. नरसिंह भगवान का स्मरण करते हुए प्रतिमाओं पर रोली, मौली, चावल, बताशे और फूल अर्पित करें।
6. अब सभी सामान लेकर होलिका दहन वाले स्थान पर ले जाएं।
7. अग्नि जलाने से पहले अपना नाम, पिता का नाम और गोत्र का नाम लेते हुए अक्षत (चावल) में उठाएं और भगवान गणेश का स्मरण कर होलिका पर अक्षत अर्पण करें।
8. इसके बाद प्रहलाद का नाम लें और फूल चढ़ाएं।
9. भगवान नरसिंह का नाम लेते हुए पांच अनाज चढ़ाएं।
10. अब दोनों हाथ जोड़कर अक्षत, हल्दी और फूल चढ़ाएं।
11. कच्चा सूत हाथ में लेकर होलिका पर लपेटते हुए परिक्रमा करें।
12. आखिर में गुलाल डालकर चांदी या तांबे के कलश से जल चढ़ाएं।
13. इसके बाद होलिका दहन होता है।

# होलिका दहन के दिन करें राशि के अनुसार अचूक उपाय, कमाल हो जाएगा

24 मार्च 2024 रविवार की रात को होलिका दहन होगा। यदि आप किसी भी प्रकार की समस्या से परेशान हैं या आपको को लगता है कि घर परिवार को नजर लगी है तो इस दिन राशि के अनुसार उपाय करें। होलिका दहन के दिन लोग पूजा-पाठ करते समय प्रार्थना करते हैं कि घर से नेगेटिविटी दूर हो जाए और सुख-समृद्धि का वास हो।

**मेष राशि** : जटा वाला नारियल लाकर उसे घर के मंदिर में रखें। उस पर कुमकुम, चावल और बताशे अर्पित करें। पूजन करते समय अपनी समस्या बोलें और नारियल पर कलावा बांधें। रात को होलिका दहन के समय अग्नि में इस नारियल को डाल दें।

**वृषभ राशि** : गुलाबी रंग का कपड़ा लेकर आएं. उसमें 11 सुपारी और 5 कौड़ियां बांधकर पोटली बना लें. पोटली पर चंदन-इत्र लगाएं और इसे अपने सिर पर 7 बार वारक होली की अग्नि में डाल दें. ऐसा करने से रोजगार से जुड़ी सभी समस्याएं दूर होंगी।

**मिथुन राशि** : गणेशजी का पूजन करते समय उनके सामने 27 मखाने रखें. इसके बाद घी का दीपक जलाएं और रात में चंद्र देवता का पूजन करें. फिर अपनी इच्छा बोलते हुए दाएं हाथ से मखाने अग्नि में डालें।

**कर्क राशि** : इस दिन गेहूं और चावल के आटे से चौमुखी दीपक बनाकर तिल का तेल डालकर जलाएं और घर के मुख्य द्वार पर रख दें. होलिका दहन की पूजा में जौ के 27 दाने डालें. यह उपाय करने से दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी।

सिंह राशि ः पान के पत्ते में एक सुपारी, घी में डूबे 2 लौंग और एक बताशा रखें. इन सभी चीजों को अपने सिर से 7 बार वारकर होली की आग में डालें. ऐसा करने से सभी बिगड़े काम बनने लगेंगे।

**कन्या राशि** : 11 लौंग और 11 हरी दूर्वा लेकर, बच्चों का हाथ लगवाकर घर के मंदिर में रख दें. इसके बाद होली की अग्नि में डाल दें. ऐसा करने से बच्चे से बुरी नजर का साया दूर होगा।

**तुला राशि** : पीपल के पत्ते में एक जायफल, थोड़े से साबुत चावल और मिश्री रखें. इसे अपने घर में चारों ओर 7 बार घुमाकर होली की अग्नि में डाल दें. घर वापस आकर घर के बाहर मुख्य द्वार पर ॐ का चिन्ह बनाएं. इससे घर के कलेश खत्म होते हैं।

**वृश्चिक राशि** : एक पान के पत्ते पर साबुत सुपारी, 5 कमलगट्टे को घी में डुबोकर रखें. इसके बाद इन सभी चीजों को 27 बार ॐ हनुमते नम ः का जाप कर अग्नि में डालें. यह उपाय करने से व्यापार में आ रही समस्याएं दूर होती हैं

**धनु राशि** : इस दिन नारियल को काटकर उसमें एक मुट्ठी सात तरह के अनाज भरकर घर के मंदिर में रखें. होलिका की पूजा में इस नारियल को माथे से छूकर अग्नि में डालें। सभी समस्याएं दूर होगी।

**मकर राशि** : पीपल के पत्ते पर आधा मुट्ठी काला तिल रखें. फिर अपनी इच्छा बोलकर पत्ते को घर की पश्चिम दिशा में रख दें. रात को अपने ऊपर से वारकर इसे होलिका की अग्नि में डाल दें. ऐसा करने से नजर दोष से छुटकारा मिलता है।

**कुंभ राशि** : पान का पत्ते में एक मुट्ठी हवन सामग्री डालें. फिर मन ही मन अपनी इच्छा बोलकर इसे होलिका दहन की अग्नि में डालें. यह उपाय करने से संपत्ति से जुड़े झगड़े खत्म हो जाएंगे।

**मीन राशि** : पान का पत्ते में एक मुट्ठी हवन सामग्री, एक हल्दी की गांठ, साबुत सुपारी और कपूर डालें. होलिका दहन से पहले होलिका की 7 बार परिक्रमा करें और फिर इसे अग्नि में डालें. शारीरिक कष्ट दूर हो जाएंगे।

# कितने तरीके से खेली जाती है होली?

फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होलिका दहन होता है, दूसरे दिन होली का पर्व मनाया जाता है और उसके बाद पंचवें दिन रंग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। होली के दिन रंगों से खेलने या उत्साह मनाने के साथ ही पकोड़े और ठंडाई का आनंद लिया जाता है। इसी के साथ ही अलग अलग राज्यों में होली मनाने के तरीके भी भिन्न है। आओ जानते हैं कि कितने तरीके से होली खेली जाती है।

**धूल किचड़ की होली** : होली के त्योहार से रंग जुड़ने से पहले लोग एक दूसरे पर धूल और किचड़ चुपड़ते थे इसीलिए इसे धुलैंडी कहा जाता था। हालांकि आज भी हुड़दंगी लोग यह कार्य करने से चूकते नहीं है।

**लड्डूफेंक होली** : होलाष्टक जब प्रारंभ होता है यानी अष्टमी के दिन बरसाने का एक-एक व्यक्ति जिसे पंडा कहते हैं वह नंदगांव जाकर होली खेलने का निमंत्रण देता है और जब वह पुनः श्रीजी मंदिर लौटता है तब उसके स्वागत में लड्डूफेंक होली खेलते हैं। मंदिर प्रांगण में भक्त एक दूसरे पर होली खेलते हुए लड्डू फेंकते हैं। कई सौ किलो लड्डुओं के साथ बरसाना के लाडली मंदिर में गुलाल उड़ाकर होली खेली जाती है।

**लट्ठ मार होली** : ब्रजमंडल में खासकर बरसाना में लट्ठमार होली खेली जाती है। यहां पर महिलाएं



पुरुषों को लट्ठ मारती हैं और पुरुषों को इससे बचना होता है। भी राधारानी मंदिर के दर्शन करने के बाद लट्ठमार होली खेलने के लिए रंगीली गली चौक में जमा होते हैं। इस दिन कृष्ण के गांव नंदगांव के पुरुष बरसाने में स्थित राधा के मंदिर पर झंडा फहराने की कोशिश करते हैं लेकिन बरसाने की महिलाएं एकजुट होकर उन्हें लट्ठ से खदेड़ने का प्रयास करती हैं।

**होरी गीत** : राधा-कृष्ण के वार्तालाप पर आधारित बरसाने में इसी दिन होली खेलने के साथ-साथ वहां का लोकगीत 'होरी' गाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे से गले मिलते हैं। मिठाइयां बांटते हैं। भांग का सेवन करते हैं। नृत्य करते हैं। इस दिन प्रत्येक व्यक्ति रंगों से सराबोर हो जाता है।

**गोविंद होली** : महाराष्ट्र में गोविंदा होली अर्थात मटकी-फोड़ होली खेली जाती है। इस दौरान रंगोत्सव भी चलता रहता है।

**तमिल होली** : तमिलनाडु में लोग होली को कामदेव के बलिदान के रूप में याद करते हैं। इसीलिए यहां पर होली को कमान पंडिगई, कामाविलास और कामा-दाहानाम कहते हैं। कर्नाटक में होली के पर्व को कामना हब्बा के रूप में मनाते हैं। आंध्र प्रदेश, तेलंगना में भी ऐसी ही होली होती है।

**आदिवासियों की होली** : आदिवासी क्षेत्र में होली के साथ ताड़ी और डांस जुड़ा हुआ है। आदिवासियों अलग अलग क्षेत्र में होली का रंग भी अलग ही होता है। जैसे झाबुआ में होली के पूर्व भगोरिया उत्सव और मेला प्रारंभ होता है। होली पर इसमें बहुत ही धूम रहती है।

**रासलीला** : होली के त्योहार में रंग कब से जुड़ा इसको लेकर मतभेद है परंतु इस दिन श्रीकृष्ण ने पूतना का वध किया था और जिसकी खुशी में गांववालों ने रंगोत्सव मनाया था। यह भी कहा जाता है कि श्रीकृष्ण ने गोपियों के संग रासलीला रचाई थी और दूसरे दिन रंग खेलने का उत्सव मनाया था। संस्कृत साहित्य में होली के कई रूप हैं. जिसमें श्रीमद्भागवत महापुराण में होली को रास का वर्णन किया गया है। महाकवि सूरदास ने वसन्त एवं होली पर 78 पद लिखे हैं।

**होली नृत्य और संगीत** : शास्त्रीय संगीत का होली से गहरा संबंध है। हालांकि ध्रुपद, धमार और ठुमरी के बिना आज भी होली अधूरी है। होली पर नृत्य, संगीत और गीत का खास महत्व है। कई लोग गीले रंगों की होली नहीं खेलकर ठंडाई, नाच और गान का आयोजन करते हैं।

# 100 साल बाद होली पर चंद्र ग्रहण का साया

ज्योतिष मान्यता के अनुसार इस बार 100 साल के बाद 25 मार्च 2024 सोमवार के दिन होली पर चंद्र ग्रहण का योग बन रहा है। होलिका दहन 24 मार्च को और रंगवाली होली 25 मार्च को मनाएंगे। हालांकि यह ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा लेकिन इसका प्रभाव संपूर्ण धरती पर ही रहेगा। जहां यह नजर आएगा वहां सूतककाल मान्य होगा।

**चंद्र ग्रहण प्रारंभ** : 25 मार्च 2024 सुबह 10 :24 से।
**चंद्र ग्रहण समाप्त** : 25 मार्च 2024 दोपहर 03ः01 पर।
**चंद्र ग्रहण की अवधि** : इस चंद्र ग्रहण की अवधि 4 घंटे और 36 मिनट होगी।

**सूतक काल** : यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा तो इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। जहां चंद्र ग्रहण नजर आता है वहां पर 9 घंटे पहले सूतक लग जाता है और मोक्ष काल तक यह रहता है।

**यहां नजर आएगा चंद्र ग्रहण** : यह चंद्र ग्रहण आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, जर्मनी, फ्रांस, हॉलैंड, बेल्जियम, दक्षिणी नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका, जापान, रूस का पूर्वी भाग में दृश्यमान होगा।

**होली का पर्व मनाएं या नहीं** : होली का पर्व 25 मार्च सोमवार के दिन ही मनाया जाएगा। चंद्र ग्रहण का प्रभाव होली पर नहीं पड़ेगा इसलिए होली का त्योहार मनाए जाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है।

**चंद्र ग्रहण का राशियों पर प्रभाव** : होली के पर्व पर तो चंद्र ग्रहण का कोई शुभ या अशुभ प्रभाव नहीं है परंतु राशियों पर इसका प्रभाव है इसलिए मेष, कन्या, कुंभ और मीन राशि जिसकी है वे होली का त्योहार सावधानी से मनाएं। वृषभ, सिंह, धनु और मकर के लोगों के लिए यह ग्रहण शुभ है और तुला, मीन, कर्क और मिथुन के लिए मिलाजुला समय रहेगा।

